भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 2703

बुधवार, 4 दिसम्बर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

बदायूं में उद्योगों की स्थापना

2703. डॉ. संघमित्रा मौर्यः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार युवाओं को रोजगार प्रदान करने तथा पलायन रोकने हेतु बदायूं में कोई उद्योग या कारखाना स्थापित करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): जी, हां। उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, उन्होंने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली है और राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जरी क्लस्टर हेतु विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी) का चयन किया गया है।

****